**राज्य् सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्यास** 1409

**09 मार्च, 2016 को उत्तयरके लिए**

**विदेश में कोयला खानों का अधिग्रहण करने हेतु राष्ट्रीय खनिज विकास निगम का प्रस्ताव**

1409. **श्री परिमल नथवानी:**

क्या **इस्पात** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या राष्ट्रीय खनिज विकास निगम विदेश में कोयला खानों का अधिग्रहण करने का विचार रखता है;

(ख) यदि हां, तो यह किन-किन देशों में खानों को अधिग्रहित करने का विचार रखता है;

(ग) क्या यह निगम संयुक्त उद्यम का गठन करेगा;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) चयनित सूची में शामिल खानों की उत्पादन क्षमता कितनी है; और

(च) राष्ट्रीय खनिज विकास निगम द्वारा कितना निवेश किए जाने की संभावना है?

**उत्तचर**

**इस्पा9तऔर खान मंत्री** **(श्री नरेन्द्र सिंह तोमर)**

(क) से (घ): एनएमडीसी अपने विस्ता र कार्यो के भाग के रूप में रूस , अमेरिका, कनाड़ा, मोजाम्बिक, दक्षिण अफ्रिका , इण्डो नेशिया, आस्ट्रेलिया इत्या दि बाहरी देशों में कोयला खानों की स्वपयं खोज करता है। आज की तिथि के अनुसार एनएमडीसी ने सेल , आरआईएनएल, सीआईएल और एनटीपीसी के साथ एक इण्टथरनेशनल कोल वेंचर लिमिटेड (आईसीवीएल) नामक एक स्पेटशल पर्पज व्हीटकल में 321.33 करोड़ रूपये निवेश किये है। वर्तमान में एनएमडीसी ने विदेश में कोयला खानों के अधिग्रहण के लिए कोई सक्रिय प्रस्ता व सूची बद्ध नहीं किया है।

(ड.) और (च): प्रश्नक नहीं उठता।

***